दिनांकः 02.02.2025 समय : 18.30 पीएम

# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से प्रादेशिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–साल 2027 तक प्रदेश में किसानों को दिन में भी बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी।
- राज्य में एग्रीस्टैक योजना 5 फरवरी से लागू होगी–इसके तहत पंजीकृत हर किसान को 11 अंकों की विशिष्ट फार्मर आईडी दी जाएगी।
- विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित।
- भारत ने आईसीसी अंडर–19 महिला टी–20 क्रिकेट विश्व कप का खिताब लगातार दूसरी बार जीता।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरकार किसानों को समृद्ध, खुशहाल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री आज करौली जिले के कैमरी गांव में आयोजित किसान सम्मेलन में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्वी राजस्थान की मांग को स्वीकार करते हुए रामजल सेतु परियोजना के लिए डीपीआर बनाने का काम शुरू कर दिया है। श्री शर्मा ने कहा कि साल 2027 तक प्रदेश में किसानों को दिन में भी बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी।

...............

मुख्यमंत्री ने कैमरी धाम मंदिर में विकास कार्य करवाने, कैमरी में बालिका छात्रावास खोलने और पशु चिकित्सालय को क्रमोन्नत करने का भी आश्वासन दिया।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने आज सुबह अल्बर्ट हॉल से 16वीं जयपुर मैराथन को रवाना किया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा है राज्य सरकार युवाओं की उम्मीदों को पूरा करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं की देश और प्रदेश की प्रगति में अहम भूमिका है और मैराथन से स्वस्थ रहने की प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को हर प्रकार से बढावा दे रही है। प्रदेश अगले साल खेलो इंडिया गेम्स की मेजबानी करने जा रहा है, जिसमें युवाओं की सहभागिता महत्वपूर्ण होगी।

000

प्रदेश में एग्रीस्टैक योजना 5 फरवरी से लागू होगी। इसके तहत किसानों को फार्मर रजिस्ट्री आई.डी. बनवाने में सहयोग प्रदान किया जाएगा। किसानों को डिजिटल रूप में सक्षम बनाने की दिशा में ये एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके लिए सभी जिलों में शिविर लगाए जाएंगे। योजना के तहत हर पंजीकृत किसान को 11 अंकों की विशिष्ट फार्मर आईडी दी जाएगी। एग्रीस्टैक योजना से किसानों को कई लाभ मिलेंगे। इनमें पीएम किसान सम्मान निधि किस्त का सरल भुगतान, फसल बीमा का फायदा, फसल खराबे की स्थिति में जल्द पहचान और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए स्वचालित पंजीकरण शामिल हैं। इसके साथ ही ये केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तक किसानों की पहुंच को सरल बनाएगी।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ सभी से मिलकर काम करने का आह्वान किया है। श्री बागडे ने आज बीकानेर में कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सभी को अपनी भागीदारी निभानी होगी। श्री बागडे ने समाज सेवी और उद्यमी हरखचंद नाहटा की स्मृति में आयोजित समारोह में ये बात कही। इस अवसर पर राज्यपाल ने श्री नाहटा की स्मृति में स्मारक सिक्के का भी अनावरण किया। राज्यपाल ने कहा कि श्री नाहटा ने व्यापार के क्षेत्र के साथ जन सेवा के लिए भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। राज्यपाल ने देशनोक के करणी माता मंदिर में दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए मंगल कामना की।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि कैंसर रोग के प्रति समाज में जागरुकता फैलाना आवश्यक है, जिससे लोग समय पर जांच और उपचार के लिए प्रोत्साहित हों। श्री देवनानी आज जयपुर में आयोजित कैंसर विजेता समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास और धैर्य के साथ इस बीमारी का सामना किया जा सकता है।

...............

समारोह में राजस्थान सहित अन्य राज्यों के कैंसर विजेताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कैंसर से जूझकर स्वस्थ जीवन जी रहे विजेताओं को सम्मानित भी किया गया और उन्होंने अपने अनुभव साझा किये।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आज **आरएसएस प्री–2024** परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई। ये परीक्षा राज्य के 38 जिलों में दो हजार पैंतालीस केन्द्रों पर आयोजित की गई।

000

राज्य के सभी स्कूलों में कल सामूहिक सूर्य नमस्कार किया जाएगा। शिक्षा विभाग के अनुसार ये आयोजन सुबह सवा दस बजे से सभी सरकारी और निजी स्कूलों में होगा। इसके लिए स्कूलों में विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास भी करवाया गया है। गौरतलब है कि पिछले साल एक करोड़ तैंतीस लाख विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार कर रिकॉर्ड बनाया था।

000

आज विश्व आर्द्र भूमि दिवस है। इसकी शुरुआत वर्ष 1971 में हुई थी, जब पर्यावरणविदों ने आर्द्र भूमि यानि दलदली भूमि के संरक्षण का आह्वान किया था। इस वर्ष के आर्द्र भूमि दिवस का विषय है साझा भविष्य के लिए आर्द्र भूमि का संरक्षण। पर्यावरण विदों का कहना है कि आर्द्र भूमि से भविष्य की पीढ़ियों को लाभान्वित करने के लिए ऐसे प्राकृतिक पर्यावास का संरक्षण जरूरी है।

झालावाड में इस मौके पर वेटलैंड बड़बेला तालाब में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रवासी पक्षियों की आवक को देखते हुए और उनके स्वतंत्र विचरण के लिए आर्द्र भूमि को साफ–सुथरा रखना चाहिए। सवाईमाधोपुर में विश्व वेटलैंड दिवस के मौके पर राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में चित्रकला प्रतियोगिता रखी गई।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में यूनेस्को की ओर से उदयपुर को वेटलैंड सिटी का दर्जा दिया गया है।

उधर, पाली जिले के गिरादड़ा में वनमंत्री संजय शर्मा ने ऑक्सीजोन हब की नींव रखी। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से एक लाख से ज्यादा प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे और घना जंगल विकसित किया जाएगा।

000

बसंत पंचमी का पर्व आज मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षा और ज्ञान से जुड़े इस पर्व पर भारत को दुनिया के ज्ञान केंद्र के रूप में स्थापित करने की कामना की है। बसंत पंचमी पर प्रदेशभर में मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। बसंत ऋतु के आगमन पर मनाया जाने वाला ये पर्व प्रकृति और ज्ञान का पावन संगम माना जाता है। एक रिपोर्ट –

..............

000

**समाचार महाकुंभ से –**

..............

प्रयागराज महाकुंभ में तीसरा अमृत स्नान कल होगा। रेलवे, इसके लिए विभिन्न स्टेशनों से चार सौ महाकुंभ विशेष रेलगाडियां चलाएगा। इससे लाखों श्रद्धालुओं के लिए यात्रा सुगम होगी। प्रयागराज जंक्शन सहित आठ अन्य रेलवे स्टेशनों

पर चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ से लेस मेडिकल बूथ भी बनाए गये हैं। अमृत स्नान के मौके पर श्रद्धालुओं की भारी आवक को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। इसके अलावा, रेलवे ने कई होल्डिंग एरिया भी बनाए हैं, जिनसे स्टेशनों पर ज्यादा भीड़ जमा ना हो और यात्री अपने गंतव्य पर जाने से पहले, वहां प्रतीक्षा कर सकें।

---------------

000

डीग जिले में ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत पिछले साल करीब डेढ हजार साइबर अपराधियों को पकड़ा गया, जिनके कब्जे से पुलिस ने एक करोड़ रुपये नकद, दो हजार से ज्यादा मोबाइल फोन और तीन हजार से ज्यादा सिम कार्ड और एटीएम कार्ड जब्त किये हैं। भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश ने बताया कि डीग जिले से होने वाले साइबर अपराधों में काफी कमी आई है।

----------------

000

भारत ने आईसीसी अंडर–19 महिला टी–20 क्रिकेट विश्व कप का खिताब लगातार दूसरी बार जीत लिया है। क्वालालाम्पुर में आज फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हराया। भारत ने 83 रन का लक्ष्य 12वें ओवर में एक विकेट के नुकसान पर आसानी से हासिल कर लिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए इस जीत को बेहतर टीम वर्क और संकल्प की जीत बताया है। सोशल मीडिया पर अपने संदेश में श्री मोदी ने कहा कि इससे कई खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी।

उधर, भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां और अंतिम टी–20 क्रिकेट मैच आज शाम सात बजे से मुंबई में खेला जाएगा। भारत पहले ही श्रृंखला में 3–1 की अजेय बढ़त बना चुका है। इस सीरीज के बाद पांच फरवरी से दोनों टीमों के बीच तीन एक दिवसीय मैच खेले जाएंगे।

000